सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ0प्र0–272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

अधिसूचना

एतद्द्वारा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, सिद्धार्थनगर के पत्रांक 620/अ0सं0क0/भा0स0छा0वृ0/2021–22 दिनॉक–29.09.2021 क्रम में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर से सम्बद्ध समस्त जपनदों के समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या को सूचित किया जाता है कि उक्त संलग्न पत्र का अवलोकन करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– यथोक्त।

भवदीय

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक 84 /सूचना/2021 दिनांक– 30/09/2021

प्रतिलिपि, निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, सिद्धार्थनगर।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
3. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
4. प्रभारी कोडिंग सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट तथा कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
5. सम्पादक महोदय– अमर उजाला, दैनिक जागरण, राष्ट्रीय सहारा, हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित समाचार पत्र के अंक में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

AR (छात्रवृत्ति)
29/9/2021

प्रेषक,

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी,
सिद्धार्थनगर।

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांकः 620 /अ0सं0क0/भा0स0छा0वृ0/2021–22 दिनांकः 29 सितम्बर, 2021

विषय : अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजनाओं हेतु NSP 2.0 पोर्टल पर रजिस्टर्ड संस्थाओं के इंस्टीट्यूट नोडल आफिसर (INO) का आधार बेस्ड डेमोग्राफिक ऑथेन्टिकेशन कराये जाने में आ रही कठिनाईयों के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयान्तर्गत अवगत कराना है कि निदेशालय के पत्रांक 1310/अ0सं0क0नि0–1082–एन0एस0पी0–भा0स0छा0वृ0/2020–21 दिनांक 09 अगस्त, 2021 द्वारा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 02 अगस्त, 2021 की प्रति संलग्न करते हुये केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजनाओं हेतु NSP 2.0 पोर्टल पर रजिस्टर्ड संस्थाओं के इंस्टीट्यूट नोडल आफिसर (INO) का आधार बेस्ड डेमोग्राफिक ऑथेन्टिकेशन कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त आधार बेस्ड डेमोग्राफिक ऑथेन्टिकेशन कराये जाने हेतु जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय पत्रांक 469 दिनांक 19.08.2021 एवं पत्रांक 602 दिनांक 23.09.2021 द्वारा समस्त को निर्देशित किया गया तथा दिनांक 19.09.2021 एवं दिनांक 26.09.2021 जिला विद्यालय निरीक्षक, सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में समस्त सम्बन्धित के साथ जागरुकता कार्यक्रम/बैठक आयोजित की गयी, परन्तु आधार बेस्ड डेमोग्राफिक ऑथेन्टिकेशन हेतु अपेक्षित गति प्राप्त नहीं हो पा रही है, जिस हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में बैठक प्रस्तावित है।

उक्त योजनान्तर्गत दिनांक 28.09.2021 को शासन स्तर पर हुई गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा में जनपद की आधार बेस्ड डेमोग्राफिक ऑथेन्टिकेशन की प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये एक सप्ताह के अन्दर शत–प्रतिशत कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। **ज्ञातव्य है कि जनपद में NSP 2.0 पोर्टल पर रजिस्टर्ड संस्थाओं के सापेक्ष लगभग 80 प्रतिशत संस्थायें बेसिक शिक्षा विभाग की हैं।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त आधार बेस्ड डेमोग्राफिक ऑथेन्टिकेशन कराये जाने हेतु जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे अपने–अपने ब्लाक संसाधन केन्द्र अभियान चलाकर कम से कम 02 दिवसीय कैम्प/शिविर आयोजित करते हुये कम्प्यूटर ऑपरेटर की ड्यूटी लगाकर वेसिक शिक्षा विभाग के समस्त परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों का शत–प्रतिशत आधार बेस्ड डेमोग्राफिक ऑथेन्टिकेशन कराना सुनिश्चित करें। उक्त आधार बेस्ड डेमोग्राफिक ऑथेन्टिकेशन हेतु निम्न अभिलेखों की आवश्यकता होगी :–

1. प्रधानाचार्य अथवा नोडल अधिकारी के आधार कार्ड की छायाप्रति।
2. प्रधानाचार्य अथवा नोडल अधिकारी का मोबाइल नं0, जो उक्त आधार से लिंक हो।

उक्त आधार बेस्ड डेमोग्राफिक ऑथेन्टिकेशन किये जाने में किसी प्रकार की समस्या होने पर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के कम्प्यूटर आपरेटर्स के इन **मोबाइल नं0–7398493093, 9519601612 अथवा 9005532356** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

भवदीय

(तन्मय)
जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी,
सिद्धार्थनगर।

30/09/21

Scanned with CamScanner

पृष्ठांकन संख्या : तददिनांकित।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. **निदेशक महोदया, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।**
2. जिलाधिकारी महोदय, सिद्धार्थनगर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सिद्धार्थनगर।
4. रजिस्ट्रार, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उपरोक्तानुसार अवगत होते हुये जनपद के समस्त महाविद्यालयों का शत–प्रतिशत आधार बेस्ड डेमोग्राफिक ऑथेन्टिकेशन कराने का कष्ट करें।
5. जिला विद्यालय निरीक्षक, सिद्धार्थनगर को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उपरोक्तानुसार अवगत होते हुये माध्यमिक विद्यालयों का शत–प्रतिशत आधार बेस्ड डेमोग्राफिक ऑथेन्टिकेशन कराने का कष्ट करें।
6. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद–सिद्धार्थनगर को इस आशय से कि अपने–अपने विकास खण्ड के अन्तर्गत संचालित समस्त परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों का शत–प्रतिशत आधार बेस्ड डेमोग्राफिक ऑथेन्टिकेशन एक सप्ताह के अन्दर कराने का कष्ट करें।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी,
सिद्धार्थनगर।

Scanned with CamScanner